भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग
....
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 118
(24 नवंबर, 2014 को उत्तर दिए जाने के लिए)

हिमाचल प्रदेश में ग्रामीण सड़कों का निर्माण

118. श्री बशिष्ठ नारायण सिंहः

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या हिमाचल प्रदेश के चिरगांव तहसील के बाखुली-नांड़ला, शिरोली-किसरोली, जलवारी-कैलू, अम्बोई-तिपरोली और जांगला-नांडला संपर्क मार्ग प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के मानकों को पूरा नहीं कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इन सड़कों, जो सेब के उत्पादकों के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं, को प्राथमिकता के आधार पर बनाने पर विचार करेगी;

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार उन्हें 'नाबार्ड' योजना के अंतर्गत शामिल करने पर विचार करेगी और उनके निर्माण के लिए पर्याप्त निधि मुहैया कराएगी;

(घ) क्या मागवी-नांडला सड़क की रिमेटलिंग और नांडला-जलवानी सड़क की मेटलिंग का काम काफी समय से लंबित है; और

(ङ) यदि हां, तो क्या सरकार इसके लिए प्राथमिकता के आधार पर पर्याप्त निधियां मुहैया कराने पर विचार करेगी?

<u>उत्तर</u>
ग्रामीण विकास मंत्री
(श्री बीरेन्द्र सिंह)

(क)हिमाचल प्रदेश की चिरगांव तहसील के बाखुली-नांड़ला, शिरोली-किसरोली, जलवारी-कैलू, अम्बोई-तिपरोली और जांगला-नांड़ला संपर्क मार्ग की सभी बसावटों की जनसंख्या 250 से कम है, इसलिए ये प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) से जोड़े जाने के लिए पात्र नहीं हैं।

(ख) राज्य सरकार ने जानकारी दी है कि राज्य विभाग ने बाखुली से नांड़ला और अम्बोई से तिपोली के बीच सड़कें बनाने के लिए कटाई-छंटाई का कार्य पूरा कर लिया हे। राज्य स्कीम के अंतर्गत शिरोली-किसरोली, जलवारी-कैलू और जांगला-नांड़ला सड़क मार्गों के लिए अभी तक स्वीकृति नहीं मिली है।

(ग) राज्य सरकार ने जानकारी दी है कि राज्य में नाबार्ड से सहायता प्राप्त स्कीमों को संबंधित एमएलए द्वारा दी गई एमएलए प्राथमिकता स्कीमों के आधार पर अंतिम रूप दे दिया गया है। वर्तमान में, शिरोली-फिसरोली, जलवारी-कैलू, अम्बोई-तिपरोली और जांगला-नांड़ला सड़कें संबंधित एमएलए की प्राथमिकता स्कीमों में नहीं दर्शाई गई हैं। वर्ष 2014-15 के दौरान नाबार्ड योजना के अन्तर्गत केवल मगवानी से होते हुए बाखुली से नांड़ला के लिए सड़क की मंजूरी दी गई है।

(घ) एवं (ड.) राज्य सरकार ने जानकारी दी है कि वर्ष 2014-15 में नाबार्ड योजना के अन्तर्गत स्वीकृत बाखुली-मगवानी-नांड़ला सड़क के रोड़ी-गिट्टी कार्य एवं तारकोल कार्य के लिए संविदाएं आमंत्रित की जा रहीं हैं।

पीएमजीएसवाई के अन्तर्गत नांड़ला-जलवारी सड़क के पहले चरण का कार्य पूरा कर लिया गया है। इस सड़क के चरण-II के कार्य के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है और पीएमजीएसवाई के अन्तर्गत तैयार की गई अगली सूची में प्रस्तुत की जाएगी। नाबार्ड योजना के अन्तर्गत मगवानी-नांड़ला सड़क के लिए पर्याप्त निधि स्वीकृति कर दी गई है।

*****